### 76 वें गणतंत्र दिवस पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने फहराया तिरंगा

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में आयोजित हुआ जिला स्तरीय समारोह

## स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति, विभागों ने निकाली झांकी

❑ **उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**

**रायगढ़**














रायगढ़ में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने झंडा फहराया। इसके पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया व पुलिस बल, होम गार्ड्स, एनसीसी कैडेट्स व स्काउट गाईड्स की टुकडिय़ों द्वारा सलामी दी गई। उप मुख्यमंत्री साव ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत तथा तिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाये। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री साव ने मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी को 76 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरवशाली है। आज हम देश के गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। इसके पीछे उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बलिदान है, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाई, उन संविधान निर्माताओं का योगदान है, जिन्होंने इस संविधान के माध्यम से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। उन विभूतियों का योगदान है, जो संविधान की रक्षा के लिए हमेशा डटे रहे तथा संविधान के मूल्यों पर चलकर अंत्योदय का कल्याण करते रहे। नक्सलवाद से लड़ते हुए देश की एकता और अखण्डता के लिए अनेक जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, ताकि हम सुरक्षित रह सकें और समाज में शांति स्थापित हो सके। इन जवानों की शहादत को मैं शत्-शत् नमन करता हूं। भारत का संविधान एक पवित्र दस्तावेज है। यह वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से प्रेरित है। इसे एक ऐसे राष्ट्र के नागरिकों ने तैयार किया, जिनकी भावनाओं के मूल में विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की सोच है। इस गणतंत्र की धरोहर को सुरक्षित रखने और सहेजने-संवारने की जिम्मेदारी हमारी और भावी पीढ़ी के हाथों में है। हमारा गणतंत्र हमें सत्यमेव जयते की सीख देता है। मुंडकोपनिषद का यह सूत्र वाक्य हमें बताता है कि अंधेरा कितना भी घना क्यों न हो, हमें उम्मीद नहीं छोडऩी चाहिए।

समारोह में 11 प्लाटून्स के द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं का जीवंत प्रदर्शन करते हुए झांकियां निकाली गई। इस दौरान वीर शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। जिनमें शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी रायगढ़, शहीद आर.स्व.श्री लक्ष्मीनारायण राठिया धरमजयगढ़, शहीद आर.स्व.श्री बीरसिंह श्रीवास रायगढ़, शहीद प्र.आर.श्री राघवराम ओझा रायगढ़, शहीद आर.श्री सुखसाय भगत रायगढ़, शहीद आर.श्री शिव कुमार सिदार पुसौर, शहीद स्व. श्री तनिकलाल पटेल छाल, शहीद आर.स्व. श्री राजाराम एक्का कापू, शहीद एपीसी स्व.श्री पंचराम भगत लैलूंगा, शहीद प्लाटून कमाण्डर स्व.श्री गीताराम राठिया, रायगढ़ के परिजनों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री साव द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी मंच पर उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस समारोह में अरूणधर दीवान, पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, सुरेश गोयल, श्रीकांत सोमावार, शीला तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, ज्वाईंट कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह का उत्कृष्टता पूर्वक संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल व व्याख्याता रंजीत कौर घई ने किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में ये रहे अव्वल

सांस्कृतिक कार्यक्रम में साधुराम विद्या मंदिर कोसमनारा रायगढ़-प्रथम, ओ.पी.जिंदल स्कूल तराईमाल-द्वितीय एवं विद्या विकास कांसेप्ट स्कूल रायगढ़ तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही वैदिक इंटरनेशनल स्कूल पटेलपाली एवं टिंवकल स्टार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ की विशेष सहभागिता रही।

### सर्वश्रेष्ठ परेड प्रदर्शन में इन्हें मिला सम्मान

सर्वश्रेष्ठ परेड प्रदर्शन पुलिस बल में जिला पुलिस बल (पुरूष)-प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर छ.ग.सशस्त्र बल 6 वीं वाहिनी रही। इसके अलावा एनसीसी सीनियर डिवीजन (केजी कालेज, पीडी कालेज एवं आईटीआई)-प्रथम, एनसीसी सीनियर विंग (केजी कालेज, पीडी कालेज एवं आईटीआई)-द्वितीय तथा स्काउट संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ तृतीय स्थान पर रहे। ओपी जिंदल स्कूल के बैंड को विशिष्ट सहभागिता हेतु पुरस्कृत किया गया।

### विभागों ने निकाली झांकी, जिला पंचायत को मिला प्रथम पुरस्कार

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में शासकीय विभागों द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया। जिसमें झांकी प्रदर्शन में जिला पंचायत रायगढ़ को प्रथम पुरस्कार मिला तो वहीं दूसरे स्थान पर नगर निगम तथा तृतीय स्थान पर स्वास्थ्य विभाग रहे। समारोह में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़, सहायक संचालक मत्स्य पालन रायगढ़, सहायक संचालक उद्यान रायगढ़, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़, वन मंडलाधिकारी रायगढ़, उप संचालक कृषि विभाग रायगढ़, पुलिस विभाग रायगढ़, यातायात तथा लाइवलीहुड कालेज रायगढ़ द्वारा भी झांकियां प्रस्तुत की गई।

### अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित-

परेड कमांडर-रक्षित निरीक्षक अमित सिंह एवं सेकेण्ड इन कमांड-उप निरीक्षक गेंदलाल साहू को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक कार्यालय से फिलमोन लकड़ा, देवकुमारी भारती, श्यामा सिदार, संताप कुमारी, विरेन्द्र तिर्की, धनेश्वर उरांव, मुकेश यादव, साबिल चन्द्रा, मनोज पटनायक एवं विकास प्रधान शामिल है। इसी तरह कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से युवराज थवाईत, दयाराम सिदार, सूरज चन्द्रा, वनमंडल रायगढ़ से गोवर्धन पटेल, विजय कुमार दीक्षित, बोधराम पाण्डेय, दयानंद प्रधान, उद्यानिकी विभाग से दिलीप सिंह आर्मो, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से आकांक्षा पाणीग्राही, हिमांशु कुमार सोनी, सहकारिता विभाग से रोशन लाल चन्द्राकर, आदिवासी विकास विभाग से दिनेश कुमार ठेठवार, ऑसिफ खान, खाद्य शाखा से चुड़ामणी सिदार, अविनाश कुमार तिवारी, शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विजेन्द्र चौहान, हरिशंकर बरेठ, विक्रम सोनी, जिला कोषालय से धनसिंह सिदार, सैनिक कल्याण कार्यालय से मित्रशील सागर, नगर पालिक निगम रायगढ़ से विजय कुमार तिवारी, त्रिलोक चन्द्र शर्मा, महेश कुमार यादव, अशोक कुमार सिंह, अर्चना, आकाश मेघ, दाताराम यादव, सरिता गात्रे, महिला एवं बाल विकास विभाग से चन्द्रप्रभा ठेठवार, दुशिला यादव, स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से रंजना पैकरा, डॉ.राजेश मिश्रा, अतीत राव, विनोद गुप्ता, एसडीएम कार्यालय रायगढ़ से फबियानुस तिग्गा, भरत सिंह ठाकुर, प्रदीप कुमार महाणा, एसडीएम कार्यालय खरसिया से दीपक देवांगन, लालू गबेल, तहसील कार्यालय पुसौर से निकिता सिंह ठाकुर, नूतन पैकरा, लता साहू, निर्वाचन कार्यालय रायगढ़ से फकीर मोहन षड़ंगी, श्रम विभाग से सोनम रवानी, जय प्रकाश भगत, जनपद पंचायत कार्यालय रायगढ़ से रसिक चौहान, हिराला चौधरी, कृषि विभाग से बोधराम सतनामी, रहस राम राठिया, क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय से सतीश कुमार पटेल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से प्रमोद कुमार पटेल, लोक निर्माण विभाग से धुरव कुमार प्रधान, नारायण प्रसाद पंकज, मत्स्य विभाग से चैतराम सूर्यवंशी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से शिवम गबेल, प्रिंस कांटे, आर्यन केशरवानी, अभिनव सतपथी, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल कार्पोरेशन लिमिटेड से सूर्यकांत शुक्ला, सुनील कुमार देवांगन, जिला पंचायत रायगढ़ से शेख शाहीद, कपिल नायक, बद्रीनाथ पटेल, राजकुमार खुंटे, गोपाल प्रसाद सिदार, प्रामीश विश्वाल, डमरूधर जायसवाल, डमरूधर पटेल, संतोष सिदार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

## नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25

### तैयारी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

#### पूर्व में जारी आदेश में हुआ आंशिक संशोधन

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तैयारी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु पूर्व में जारी आदेश में आवश्यक संशोधन करते हुए जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिनमें निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी करने से संबंधित संपूर्ण व्यवस्था एवं निराकरण हेतु डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ महेश शर्मा को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक आदिम जाति कल्याण विभाग रायगढ़, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, पोस्टल बैलेट/ईडीसी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी रायगढ़ ए.के.किस्पोट्टा, उप संचालक कृषि रायगढ़ बुंदेल सिंह सिदार को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### प्रेक्षक एवं लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए प्रेक्षण कार्य हेतु रायगढ़ जिले के लिए प्रेक्षक एवं लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत जिले के समस्त नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत के लिए सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व के.डी.कुंजाम (आईएएस 2009)को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी तरह उप संचालक खनिज रायगढ़ राजेश मालवे मोबा.88172-43655 तथा खनिज निरीक्षक खनिज शाखा रायगढ़ आशीष गजपाले मोबा.75669-42566 को लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

---

## लैलूंगा पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



लैलूंगा पुलिस ने धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में आरोपी इलियाजर कुमार और उसकी पत्नी अनिता बेक को अंबिकापुर से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया। दोनों को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

शिकायतकर्ता सत्यनारायण सिदार निवासी ग्राम कटंगपारा, पिपराही ने 21 नवंबर 2024 को लैलूंगा थाना में शिकायत आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था। शिकायत के अनुसार, सुनील तिग्गा नामक व्यक्ति ने Dream Alpha Omega Multitrade Services Pvt. Ltd. नामक कंपनी के बारे में जानकारी दी, जिसके डायरेक्टर इलियाजर कुमार और उनकी पत्नी अनिता बेक थे। इस कंपनी के माध्यम से किसी भी बैंक से लोन दिलाने का प्रलोभन दिया गया था।

शिकायतकर्ता और अन्य लोगों को बताया गया कि लोन का 50% लाभार्थी को मिलेगा, 10% एजेंट को, और 40% कंपनी के डायरेक्टर को दिया जाएगा। कंपनी के सुनील और डायरेक्टर ने यह वादा भी किया कि लोन की पूरी किस्त कंपनी ही भरेगी और 03 साल में पूरा लोन चुका दिया जाएगा। इस प्रलोभन के तहत शिकायतकर्ता और अन्य ग्रामीणों ने अपने दस्तावेज सौंपे। शिकायतकर्ता सत्यनारायण सिदार के तीन बैंकों ग्रामीण बैंक लैलूंगा, स्टेट बैंक तमनार और आईसीआईसीआई बैंक रायगढ़ से 14.80 लाख रुपये का लोन निकाला गया।

प्रारंभिक समय में डायरेक्टर इलियाजर कुमार द्वारा लोन की किस्तें 4.92 लाख रुपये किस्तें भरी गईं, जिससे प्रभावित होकर और भी लोग इस योजना से जुड़े। लेकिन जैसे-जैसे लोग बढ़े, कंपनी के डायरेक्टर ने लोन की किस्तें भरना बंद कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका 9.87 लाख रुपये बाकी रह गए हैं। इसी प्रकार अन्य 08 लोगों के लोन की किस्तें भी नहीं चुकाई गईं।

लैलूंगा पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुनील तिग्गा, डायरेक्टर इलियाजर कुमार, अनिता बेक और चार एजेंटों के खिलाफ अपराध क्रमांक 213/2024 धारा 420, 34 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया। आरोपियों की तलाश करते हुए पुलिस ने 25 जनवरी को इलियाजर कुमार और अनिता बेक को अंबिकापुर के ठाकुरपारा से हिरासत में लिया। दोनों आरोपियों को 26 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे, सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

---

## विभागीय जांच में उपस्थित होने भृत्य बिफनाथ को भेजा गया सूचना पत्र

❑ **अनुपस्थिति की दशा में होगी एकपक्षीय कार्यवाही**

**रायगढ़**

तहसील कार्यालय खरसिया में पदस्थ भृत्य-श्री बिफनाथ को विभागीय जांच प्रकरण में 31 जनवरी 2025 को सुनवाई हेतु उपस्थित होकर जांच में सहयोग करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। भृत्य बिफनाथ की उक्त अवधि में अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर अनुशासनिक प्राधिकारी को संसूचित कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कार्यालय कलेक्टर वित्त स्था.रायगढ़ के आदेशानुसार अपर कलेक्टर रायगढ़ को जिला विभागीय जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा प्रकरण में पूर्व आदेशानुसार तहसीलदार खरसिया, रायगढ़ को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। भृत्य-बिफनाथ के विरूद्ध इस न्यायालय में जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है एवं प्रकरण के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि इस विभागीय जांच की कार्यवाही के प्रारंभ से जांच कार्यवाही में सहयोग/उपस्थित होने भृत्य बिफनाथ को कई बार सूचित किया गया एवं उनके अंतिम निवास पते पर सूचना पत्र चस्पा तामिल भी कराया गया था, परंतु नियत दिनांक 14 अक्टूबर 2024, 25 अक्टूबर 2024 एवं 19 नवम्बर 2024 को जांचकर्ता अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है।

---

## नगरीय निकाय अंतर्गत महापौर के लिए 2 एवं पार्षद पद हेतु 54 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

❑ **नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए 9 एवं पार्षद पद हेतु लिए गए 128 नाम निर्देशन पत्र**

❑ **28 जनवरी तक होगा नाम निर्देशन, 29 जनवरी को संवीक्षा तथा 31 जनवरी नाम वापस लेने की अंतिम तारीख**

**रायगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज 27 जनवरी को महापौर पद के लिए 2 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। जिसमें वार्ड क्रमांक-4 से सिरिल कुमार घृतलहरे, वार्ड क्रमांक-38 से जीवर्धन चौहान शामिल है। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 54 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए।

नगर पालिका एवं विभिन्न नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 9 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। वहीं पार्षद पद के लिए 128 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 5 तथा पार्षद पद हेतु 67 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर नगर पंचायत घरघोड़ा में पार्षद पद हेतु 16, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में पार्षद पद के लिए 3, नगर पंचायत लैलूंगा में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 23 तथा नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 3 एवं पार्षद पद के लिए 19 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए।

नगरीय निकाय अंतर्गत अब तक महापौर के लिए 4 एवं अध्यक्ष पद के लिए 9 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

27 जनवरी 2025 तक की तिथि में नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत महापौर पद के लिए 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। इसी तरह नगर पालिका एवं नगर पंचायत में अध्यक्ष पद हेतु कुल 9 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नगर पालिका परिषद खरसिया से 3, नगर पंचायत घरघोड़ा से 2, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर से 2, नगर पंचायत लैलूंगा से 1, नगर पंचायत धरमजयगढ़ से 1 अभ्यर्थी शामिल है। नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष पद हेतु अभी तक किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

नगरीय निकाय अंतर्गत अब तक 219 अभ्यर्थियों ने पार्षद पद हेतु दाखिल किया नामांकन

27 जनवरी 2025 तक की तिथि में नगरीय निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डों से पार्षद पद हेतु कुल 219 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। जिसमें नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत 79 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। इसी तरह नगर पालिका परिषद खरसिया से 42, नगर पंचायत घरघोड़ा से 33, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर से 30, नगर पंचायत लैलूंगा से 20, नगर पंचायत धरमजयगढ़ से 15 अभ्यर्थी शामिल है। नगर पंचायत पुसौर में अभी तक किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

28 जनवरी तक होगा नाम निर्देशन

नगरीय निकाय हेतु 01 महापौर, 06 अध्यक्ष एवं 141 पार्षद पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया होनी है। जिसके लिए 28 जनवरी 2025 तक नाम निर्देशन लिया जाएगा। इसी प्रकार 29 जनवरी को संवीक्षा तथा 31 जनवरी को अभ्यर्थी नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्ह आवंटन प्रक्रिया की जाएगी। इसके पश्चात 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी 2025 को मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी। नगरीय निकाय निर्वाचन में 1 लाख 95 हजार 336 मतदाता शामिल होंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480